दिनांक 31.03.2020

स्वच्छ भारत अभियान स्वच्छ एवं सुदर भिलाई

निगम क्षेत्र के 130 हाथ धुलाई केंद्रों में हाथों की करा रहे अच्छे से सफाई

भिलाईनगर। निगम प्रशासन द्वारा आयुक्त श्री ऋतुराज रघुवंशी के निर्देश पर प्रारंभिक समय में ही वाशबेसिन की व्यवस्था निगम के विभिन्न स्थानों पर कर दी गई थी! कोविड - 19 नोवल कोरोना वायरस का संक्रमण के रोकथाम हेतु शासन स्तर पर हर संभव प्रयास किया जा रहा है। निगम प्रशासन की टीम संपूर्ण निगम क्षेत्र में पाम्प्लेट व लाउडस्पीकर के माध्यम से लोगों को कोरोना वायरस के संक्रमण से बचने हेतु जागरूक कर रहे है कि हाथों की बार-बार अच्छे से सफाई करें और एक दूसरे से एक मीटर का सोशल डिस्टेंस बनाकर रखें। निगम प्रशासन आमजन से से अपील कर रही है कि अतिआवश्यक कार्य के बिना घर के बाहर न निकल। कोरोना वायरस से बचाव हेतु सरकार के एडवाइजरी का अनुपालन कराने निगम आयुक्त ऋतुराज रघुवंशी के निर्देश पर भिलाई निगम क्षेत्र में 130 स्थलों पर हाथ धुलाई की व्यवस्था की गई है जहां पर प्रतिदिन लोगों का हाथ धुलवाया जा रहा है। बस स्टैण्ड, रेलवे स्टेशन, सभी सार्वजनिक सुलभ शौचालय, मुख्यमंत्री वार्ड कार्यालय, जोन कार्यालय एवं मुख्य कार्यालय में स्थापित हाथ धुलाई केन्द्र में आम लोगों व आवश्यक सेवा से जुड़े लोगों को हाथों को बार बार धोने व 20 सेकंड तक अच्छे से धुलाई करने तथा बिना हाथ धोए मुंह व चेहरे को न छूने की जानकारी दे रहे है। निगम का अमला फैलने वाले वायरस से बचाव हेतु आम जन को मास्क लगाने तथा एक दूसरे से सोशल डिस्टेंस बनाकर रखने की अपील कर रहे हैं।

जनसम्पर्क अधिकारी